उद्घोषणा

- सुनो............... सुनो................. सुनो................
- समस्त सम्मानित ग्राम वासियों को नमस्कार...........
- आप सभी को ढेर सारी बधाइयाँ...................
- आपको यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपका गाँव भारत सरकार द्वारा “प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना” में चयनित किया गया हैं।
- इस योजना में आपके गाँव को अगले दो वर्षों में आदर्श ग्राम के रूप मे विकसित किया जायेगा जिसमें गाँव की आधारभूत संरचना के साथ –साथ सामाजिक तथा आर्थिक स्तर को भी सुधारने /अच्छा करने का काम किया जायेगा।
- इस योजना मे आपके गाँव मे :
  - पेयजल एवं स्वच्छता
  - शिक्षा
  - स्वास्थ एवं पोषण
  - सामाजिक सुरक्षा
  - ग्रामीण मार्ग एवं विकास
  - बिजली एवं साफ सुथरा ईंधन
  - कृषि-खेती किसानी में सुधार
  - लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना
  - फोन इंटरनेट कि सुविधायें प्रदान करना
  - आजीविका (कमाई के साधन) तथा कौशल का विकास करना।
- इन कार्यो के अतिरिक्त जिन व्यक्तियों के पास आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध नहीं हैं तथा वे पात्र हैं मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उन्हें ये कार्ड उपलब्ध कराये जायेंगे।
- ऐसे ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र छूटे परिवारों को गैस कनैक्शन जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रदान किया जायेगा।
- जिन व्यक्तियों के बचत खाते बैंकों मे संचालित हैं उन व्यक्तियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना/प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना के तहत लाभान्वित कराने का कार्य अग्रणी बैंक द्वारा कराया जाएगा।
- ठीक ऐसे ही जिन पात्र व्यक्तियों को पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं उन्हें सरकार द्वारा पेंशन भी प्रदान कि जायेगी।
- गाँव कि साफ – सफाई , सड़कें, नालियों तथा शौचालय आदि की व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी / BDO द्वारा प्राथमिकता से कराई जायेगी।

इस योजना को सही / सुचार तरीके से लागू करने हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस समय ग्राम / परिवारों के सर्वे फार्म PMAGY पोर्टल पर भरे जा रहे हैं, यदि कोई भी व्यक्ति /परिवार इस सर्वे में छूट गया है या कोई सुविधा प्राप्त करना चाहता है तो वह अपने ग्राम प्रधान या ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति से सम्पर्क कर सकता है। यदि वे आपकी बात नहीं सुनते ऐसी स्थिति में अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आप जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) कार्यालय से सम्पर्क कर अपने फार्म में सुधार कर सकते हैं।
आप सभी से अनुरोध हैं कि कृपया इस कार्य में हमारा सहयोग करें तथा अपने गाँव को आदर्श बनाने में हमारी मदद करे।

- आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद।